कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा–मा/माध्य/अ–4/म.गां./अंग्रेजी माध्यम/2019–20/ दिनांक :08.07.19

:: कार्यालय आदेश ::

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयन्ती के अवसर पर शासकीय निर्देशानुरूप इस कार्यालय के समसंख्यक आदेश दिनांक 14.06.2019 द्वारा राज्य के प्रत्येक जिला मुख्यालय पर अंग्रेजी माध्यम का राजकीय विद्यालय "महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम)" के नाम से स्थापित किया गया है।

उक्त योजना के प्रथम चरण में "महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम)" में कक्षा प्रथम से आठवीं तक की कक्षाएं संचालित की जायेगी। आगामी वर्षों में क्रमशः नवीं, दसवीं, गयारहवीं एवं बारहवीं की कक्षाएं संचालित की जायेगी। इस प्रकार से स्थापना के चतुर्थ वर्ष में विद्यालय का स्तर कक्षा प्रथम से बारहवीं तक का होगा। राज्य के प्रत्येक जिला मुख्यालय पर अंग्रेजी माध्यम के उक्त विद्यालय की स्थापना राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसमें उत्कृष्ट स्तर एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की व्यवस्था विभागीय लक्ष्य है। उक्त लक्ष्यपूर्ति के क्रम में माध्यमिक शिक्षा निदेशालय के तत्वावधान में एक दिवसीय आमुखीकरण कार्यशाला दिनांक 13.07.2019 को प्रातः 11 बजे से सायं 04 बजे तक प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय के सभागार में आयोजित की जायेगी, जिसमें निम्नांकित अधिकारी आवश्यक रूप से भाग लेंगे :–

1. अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी (शैक्षिक प्रकोष्ठ),कार्यालय– जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)– माध्यमिक, समस्त जिले, जो कि उक्त योजना हेतु जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नामित हैं।
2. प्रधानाचार्य, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम), समस्त जिले।

उपर्युक्त समस्त अधिकारी नियत तिथि एवं समय पर कार्यशाला में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे एवं अपने साथ निम्न सूचनाएं लेकर आयेगें

- विद्यालय में कक्षावार नामांकन
- स्वीकृत पदो के विरूद्ध कार्यग्रहण

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस.
निदेशक,माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, भाषा एवं पुस्तकालय विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. आयुक्त, स्कूल शिक्षा एवं राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर सह विशिष्ट शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
3. राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा अभियान एवं अतिरिक्त आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर।
4. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा एवं पंचायती राज (प्रा.शि.) राजस्थान, बीकानेर।
5. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा।
6. अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा अभियान, बीकानेर को कार्यशाला आयोजन हेतु समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित किये जाने हेतु।
7. जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)– माध्यमिक, समस्त जिले।
8. अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी (शैक्षिक प्रकोष्ठ),कार्यालय– जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)– माध्यमिक, समस्त जिले।
9. समस्त प्रधानाचार्य, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम)।
10. सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा को विभागीय वेब–साईट पर अपलोड करने हेतु।
11. स्टाफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा।
12. स्टाफ ऑफिसर,निदेशालय, प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर को कार्यशाला आयोजन बाबत् अग्रिम व्यवस्थार्थ।
13. रक्षित पत्रावली।

उप निदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर